हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 कन्या विद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर



11 रामसागर तालाब में फैली जलकुंभी पानी का बदला...





## दिल्ली से करोड़ों का हो रहा था आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन

# ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में पैनल बुक ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा गिरोह पकड़ने में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतर्राज्यी क्रिकेट सट्टा गिरोह का भांडाफोड़ करने के साथ 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी दिल्ली में बैठकर करोड़ों रूपयों का आईपीएल क्रिकेट सट्टा संचालित करते थे।

कुछ दिनों पूर्व जिला में ऑनलाइन सट्टा खिलाते पकड़े गये आरोपियों के पास से जब्त मोबाइल से ऑनलाइन लॉगिन आईडी लेकर क्रिकेट सट्टा खिलाये जाने का खुलासा होने के मामले में पुलिस ने विवेचना की। इस दौरान आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन देश के विभिन्न स्थानों में वितरित किये गये लागिन आईडी के माध्यम से किया जा रहा है।

इस पर पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा योजना बनाकर नई दिल्ली में घेराबंदी कर छापा मारा गया। इस दौरान 10 आरोपियों को आईपीएल क्रिकेट मैंचों पर मोबाइल, टीवी, लैपटॉप आदि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का संचालन करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।



**गिरफ्तार आरोपी** कपिल होतवानी 36 वर्ष हनुमान नगर कालीबाड़ी रायपुर, पवन कुमार मुंजार 40 साल पंडरी मोवा रायपुर, अंकित चौबे 24 वर्ष नैला, आशीष धरमपाल 31 साल उसलापुर सांई आनंदम रोड बिलासपुर, आर्यन गुण्डाने 20 साल पंचशील नगर भाटापारा, अभय साहू 21 वर्ष घोरदा थाना डोंगरगांव, सत्यम सिंह 22 वर्ष चित्रकूट धाम उत्तर प्रदेश, शिवम मिश्रा 24 साल केवटे सिरमौर रीवा मध्य प्रदेश, हरिओम वलेचा 25 साल प्रेम प्रकाश नगर भाटापारा, महेश कल्याणी 40 साल निवासी लक्ष्मी अपार्टमेंट भाटापारा शामिल है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को प्रेसवार्ता आयोजित कर अंतर्राज्यीय ऑन लाइन क्रिकेट सट्टा के मामले का खुलासा करते हुए बताया गया कि आरोपी ऑनलाइन आईपीएल क्रिकेट सट्टा का संचालन देश के विभिन्न स्थानों में वितरित किये गये लागिन आईडी के माध्यम से कर रहे थे। रेड कार्रवाई के दौरान रायपुर, भाटापारा, राजनांदगांव, जांजगीर, छत्तीसगढ़, रींवा मध्यप्रदेश के कुल 10 अभियुक्तों की संलिप्तता पायी गई, जिन्हें हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पृथक पृथक 8 लैपटॉप, 52 एण्ड्रायड मोबाइल फोन, 1 इंटरनेट राउटर, 42 एटीएम कार्ड, 64 विभिन्न बैंक अकाउंट, 22 विभिन्न बैंक के चेकबुक, 10 नग मोबाइल चार्जर, 3 इथर बाक्स, 1 लेन केबल एवं 3 एक्सटेंशन केबल एवं 38 हजार रूपये नगदी रकम जब्त की गई है। रेड कार्रवाई के दौरान दो पैनल बुक का संचालन आरोपियों द्वारा किया जा रहा था, जो दिल्ली शहर में किराये के दो फ्लैट में पृथक–पृथक रहकर संचालित कर रहे थे। छापेमारी के दौरान आरोपियों से विभिन्न बैंक खाता भी जब्त किया गया है। इन खातों की जांच ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के संचालन पर करोडों रुपए का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होने का पता चला है। प्रकरण में आरोपियों के विरूद्ध 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 एवं 66 आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच कार्रवाई में लिया गया है तथा भारतीय न्याय संहिता तथा अन्य अधिनियमों की धाराएं भी लगाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### 127 निष्क्रिय व्हीएलई आईडी बंद होगी

**बलौदाबाजार।** सीएससी के निक्रिय व्हीएलई पर सख्त कदम उठाते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी निक्रिय व्हीएलई के आईडी बंद करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के परिपालन में ई–डिट्रिक्ट मैनेजर द्वारा जिले में सीएससी के निक्रिय व्हीएलई जो पिछले 6 माह में सीएससी में कोई भी कार्य नहीं किया गया है, ऐसे 127 व्हीएलई का आईडी बंद करने हेतु राज्य कार्यालय को प्रस्ताव भेजा गया है। ई– डिट्रिक्ट मैनेजर से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल 127 निक्रिय व्हीएलई में विकासखंड बलौदाबाजार में 38, सिमगा में 23, भाटापारा में 22, पलारी में 16 एवं कसडोल में 28 शामिल हैं।

### मोडिफाइ साइलेंसर पर सख्ती, 7 वाहन चालकों के विरूद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** जिला पुलिस यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्ती से कार्रवाई कर रही हैं। आपरेशन विश्वास के तहत मॉडिफाई साइलेंसर एवं तीव्र, कर्कश ध्वनि वाले प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर मोटरसाइकिल चलाने वाले 1 वाहन चालक को पकड़ा गया। यातायात पुलिस द्वारा उक्त वाहन के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर वाहन चालक से 5 हजार रूपये सम्मन शुल्क वसूल किया है। कार्रवाई के दौरान उक्त वाहन से मोडिफाइ ▶▶ शेष पेज 11 पर

# सड़क दुर्घटना में घायलों को एसडीएम-तहसीलदार ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल









मंगलवार को कसडोल-बैगनडबरी मार्ग के बैगनडबरी तिराहा के समीप दो बाइक सवार युवकों का आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतना जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार युवकों को हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोट लगी और सिर से खून बह रहा था। इसी दौरान कसडोल के एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल सहित जनपद सीईओ कमलेश साहू सुशासन तिहार की मॉनिटरिंग करने देवरीकला से असनिंद की ओर जा रहे थे। मार्ग से निकलते हुये उनकी नजर जैसे ही दुर्घटना पर पड़ी तो अपनी स्कोर्पियो को रोककर बाहर निकलते ही तत्काल 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। इधर दर्द से कराह रहे 5 लोगों को प्रशासनिक अधिकारियों ने 108 एंबुलेंस आने का इंतजार न करते हुए मानवता की मिसाल पेश करते हुए घायल को तुरंत अपनी वाहन में लिटाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल लेकर चल पड़े, जहां हॉस्पिटल पहुंचते ही एसडीएम ने सीएचसी डाक्टरों को सूचना दी, इसके बाद डॉक्टरों ने घायल का प्राथमिक उपचार प्रारंभ किया। इधर 4 युवकों को हल्की चोट, तो वहीं एक युवक को सिर पर गंभीर चोट होने के कारण इलाज किया जा रहा है।

- दो बाइकों में हुई थी भिड़ंत, सभी घायल अवस्था पर पड़े थे सड़क पर

### एसडीएम ने दिया मदद का संदेश

इधर घटना के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामरतन दुबे ने लोगों को संदेश भी दिया कि सड़क दुर्घटना के समय लोगों को मदद के लिए हमेशा आगे आना चाहिए, ताकि समय पर घायलों को उपचार मिल सके, उनकी जान बचायी जा सके। क्योंकि लगातार राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य जगहों में हादसा हो रहा है। ऐसे में खुद समझदारी दिखाते हुये घायलों की मदद करना चाहिए, न कि तमाशबीन बन वीडियो बनाते रहे और सरकारी वाहनों का इंतजार करते रहे। ऐसे में घायलों की जान जा भी जा सकती है। सरकार ने कई नियमों में सरलीकरण भी किया, ताकि लोगों को घायलों की मदद करने में कोई परेशानी न हो। न कोई पूछताछ न पुलिस का झंझट बस मदद के लिए आगे आए।

# रामनवमी पर नगर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर भटगांव में रामनवमी पर्व उत्साह से मनाया गया, जिसमें ब्राह्मण पारा स्थित राम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के पहले भगवान श्रीराम की विशेष, पूजा-अर्चना नगर के महिलाओं व पुरुषों द्वारा की गई। शाम 5 बजे तक पूरा नगर के राम भक्त इस शोभायात्रा में शामिल होने के लिए राम मंदिर पहुंचे। यह शोभायात्रा राम मंदिर से निकलकर बस स्टैंड होते हुए वापस राम मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में नगर के छोटे–बड़े से लेकर महिलाएं काफी संख्या में शामिल रहीं। भजन मंडली-कीर्तन पार्टी के साथ डीजे के धुन पर सभी नाचते नजर आए।

रामराज फिर आएगा घर–घर भगवा छाएगा की धुन पर युवा खूब नाचे। वहीं भगवान राम, माता सीता, भाई लक्ष्मण व वीर हनुमान की सुंदर झांकी रथ पर सवार थी, जिसका जगह–जगह भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। इस आयोजन को लेकर सर्व सेवा मित्र मंडल व बीपी जोन के युवा सप्ताहभर से इस आयोजन को लेकर तैयारी में लगे थे और पूरा नगर को भगवा रंगों के बेनर पोस्टर व झंड़ों से सजाया गया था। कार्यक्रम में पूरा नगर ▶▶ शेष पेज 11 पर

- आयोजन से पहले नगर को भगवा ध्वज से सजाया गया



# दुर्ग की घटना का विरोध कांग्रेस ने पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ में लचर कानून व्यवस्था को लेकर स्थानीय गार्डन चौक में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग भी की गई।

ज्ञात हो कि प्रदेश में आए दिन, बलात्कार, हत्या, लुट, हिंसा आगजानी जैसे मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं, अभी हाल ही में दुर्ग जिला के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार व हत्या का मामला शर्मसार कर देने वाली घटना है। प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार संवेदनशील घटनाएं घटित हो रही हैं। प्रदेश सरकार या तो इसे गंभीरता से नहीं ले रही है या फिर कानून व्यवस्था उनसे नहीं संभल रही है।

कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लॉक शहर एवं ग्रामीण अध्यक्ष द्वय रूपेश ठाकुर, विक्रम गिरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, संतोष तिवारी, लखेश साहू, मनोज प्रजापति, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, पूर्व पार्षद गोविन्द पात्रे, पार्षद शेख सलमान, सुभाष राव, निलेश बंजारे, दिगम्बर साहू, धर्मेंद्र वर्मा, अविनाश मिश्रा, कृष्णा टंडन, सुखदेव साहू, देवेंद्र बंजारे, ईश्वर कुर्रे, जय, भोला एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## आवेदकों का तिलक लगाकर व गुलदस्ता देकर अभिनन्दन

# कलेक्टर ने लिया आवेदन, दी पावती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





मंगलवार को जिले में सुशासन तिहार 2025 का शुभारंभ हुआ। सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण के तहत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आवेदन लेने की शुरुआत हुई। सभी आवेदन प्राप्ति स्थल को रंगोली एवं बैनर से आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा प्रथम आवेदक का तिलक लगाकर व गुलदस्ता देकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया।

विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत गिरौद में एसडीम आरआर दुबे की उपस्थिति में प्रथम आवेदक प्रेमलता पटेल का तिलक लगाकर व गुलदस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया गया। प्रेमलता के आवेदन को पंजी में प्रविष्टि उपरांत पावती दी गई और आवेदन को समाधान पेटी में डाला गया। प्रेमलता पटेल ने बताया कि सुशासन तिहार राज्य शासन की बहुत अच्छी पहल है। इसके माध्यम से लोगों की समस्याओं और मांग से संबंधित आवेदनों का उपयुक्त निराकरण तय समय पर होगा। उन्होंने बताया कि एक सामाजिक भवन मांग के लिए आवेदन दिया है। पालिका परिषद बलौदाबाजार में एसडीएम अमित गुप्ता की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 3 में प्रथम आवेदक सूरज ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जिले में सुशासन तिहार का शुभारंभ

कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय में आवेदन प्राप्ति स्थल पर स्वयं आवेदकों से आवेदन प्राप्त किया और पंजी में आवश्यक प्रविष्टि कर पावती दी। उन्होंने इस दौरान सुशासन तिहार में सबकी सहभागिता हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया। जिले में सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। सुशासन तिहार के उद्देश्य को जन–जन तक पहुंचने के लिए सायकिल रैली, नारा लेखन सहित अन्य जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।




## खबर संक्षेप



### पशुओं की देखभाल के लिए 40 नागरिकों को दिया प्रशिक्षण

**रायपुर।** स्ट्रेकीपर्स एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गत दिनों पशुओं की फर्स्ट-एड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य घायल और संकटग्रस्त पशुओं की देखभाल के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित करना था। मुख्य वक्ता डॉ. मेजर नलीन शर्मा, डॉ. पदम जैन, डॉ. संतोष आदिल, डॉ. डॉली ने प्राथमिक उपचार, हाइपरथर्मिया व हाइपोथर्मिया, विषाक्तता से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की। उपचार में होने वाली अनैतिक प्रथाओं और सावधानियों पर भी चर्चा की गई। स्ट्रेकीपर्स की संस्थापक डॉ. दीपशिखा ने फर्स्ट-एड किट प्रोग्राम की जानकारी दी, जो कि स्ट्रेकीपर्स जल्द ही शहर में शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत रेस्क्यूअर्स को मोबाइल प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराएगा। सह-संस्थापक डॉ. मोनिका और डॉ. अवंतिका ने संस्था की प्रेरणादायक यात्रा और इसके निर्माण में आई चुनौतियों को साझा किया। टीम की सदस्य शैली (वकील) ने पशु क्रूरता पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आम नागरिक भी कानून की सहायता से पशु हिंसा के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

### रामनवमी पर्व पर श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ




**रायपुर।** भगवान श्रीरामलला के जन्मोत्सव के अवसर पर मित्रगण समिति बिरगांव द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शेषनाथ तिवारी ने बताया कि अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम के जन्म की खुशी में उत्सव मनाया जाता है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इस दिन सत्य, प्रेम, त्याग और सेवा की भावना को अपनाने का संकल्प लेना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन संस्थापक के रूप में कई सदस्यों को चयनित किया गया, जिसमें आनंद शाह, संजय यादव, नंद सिंह, शैलेंद्र पटेल, सुभाष यादव, विजेंद्र शर्मा, जय भगवान शर्मा, राम सुमिरन सिंह, हृदयानंद पांडे और विनोद पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रामनवमी पर हनुमान सेवा दल ने बांटी रामरक्षा स्त्रोत किताब



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर जयस्तंभ चौक पर सोमवार को श्री हनुमान सेवा दल ने श्रीराम की कृपा पाने और सभी कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए किए जाने वाले रामरक्षा स्त्रोत की 3051 पुस्तकों का वितरण किया। दल का उद्देश्य है कि धर्म के साथ समाज का उत्थान हो सके, भारतीय संस्कृति की पताका पूरी दुनिया में लहराए। इस मौके पर श्री हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म बहुत समृद्ध है, जिसका सामने आना जरूरी है। लोगों को सनातन और भारत के मूल से अवगत कराने का कार्य हमारा दल कर रहा है। वितरण कार्यक्रम में प्रशांत दुबे, रोमी वोरा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, कुणाल दुबे, हेमंत पटेल, अमित दीवान, ऋषभ खेतान, संस्कार पांडे, जितेंद्र यादव, विनायक तिवारी, विकास जुसेजा, संतोष राव, सचिन पांडे, गोपी जाल, विकेश देवांगन, संजू ठाकुर, प्रदीप पांडे, सुमित खण्डेलवाल, अपूर्व विश्वास आदि साथी उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार पर नहीं पड़ेगा पंचायत सचिवों के आंदोलन का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में नगरीय निकाय क्षेत्रों के अलावा ग्राम पंचायतों में भी 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के ठीक एक दिन पहले ही जिला पंचायत के सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर चले गए हैं। इसका असर सुशासन तिहार के आयोजन पर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन प्रशासन ने सुशासन तिहार आयोजन पर पंचायत सचिव संघ के आंदोलन का असर नहीं पड़े, इसे देखते हुए पहले ही पूरी व्यवस्था कर ली है।

जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार विश्वरंजन ने बताया कि सुशासन तिहार के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी से लेकर तहसीलदार, आरआई, पटवारी, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। इधर पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

*इधर प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आह्नान पर रायपुर जिला पंचायत सचिव संघ ने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर रैली के माध्यम से मोदी की गारंटी सचिवों का शासकीयकरण जल्द पूरा करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस रैली में मुख्य रूप से जिला रायपुर सचिव संघ अध्यक्ष अमर धनकर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास, जनपद सचिव संघ तिल्दा रायपुर से भरतलाल वर्मा, आरंग से हरमोहन बांधे, अभनपुर से शेष नारायण, धरसींवा से रतन साहू सहित अन्य ब्लॉक के सचिव भी उपस्थित थे।*





### ग्राम पंचायतों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायतों में और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे। साथ ही यह आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भी किये जा सकेंगे। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के निरीक्षण के लिए अनुविभाग स्तर पर 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी अनुविभागों में आज इस संबंध में कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जनता को आवेदन लिखने में सहायता के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

### सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने सोमवार को सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर रेडक्रास सभागार में बैठक ली। इस बैठक में जिला पंचायत रायपुर के सीईओ, एसएसपी लाल उमेद सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उन्होंने 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक 3 चरणों में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को गंभीरता से लें और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सुनिश्चित करें।

## रूट निर्धारण के बाद परिवहन विभाग जारी करेगा परमिट

# अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने घर के दरवाजे पर मिलेगी बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के 146 विकासखंडों के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां यात्री बसों की जगह निजी टैक्सी सेवा संचालित होती है, उन क्षेत्रों में राज्य शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग बस सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों से रिपोर्ट मांगी है। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने बताया, अलग-अलग जिलों के कलेक्टर ने सौ के करीब ग्रामीण क्षेत्र जहां बसों का संचालन नहीं हो रहा है, उन क्षेत्रों की सूची भेजी है।

मुख्यमंत्री सुगम यातायात योजना के तहत अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन करने शासन ने 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य सरकार से राशि स्वीकृत होने पर कलेक्टरों से उनके क्षेत्रों के बस विहीन ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों और कनेक्टिविटी की जानकारी मांगी गई है। सभी जिलों से सूची मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद उन मार्गों के लिए बस संचालन करने के लिए परमिट जारी किया जाएगा। प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों के अंदरूनी इलाकों में इसका संचालन शुरू होगा। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य संभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री बसे चलेंगी। प्रदेश के 33 जिले के 146 विकासखंडों में 90 से ज्यादा में बसों का वर्तमान में संचालन किया जा रहा है। अंदरूनी इलाकों में रहने वाले 20 हजार 619 गांव में रहने वालों को एक शहर से दूसरे शहर जाने बस पकड़ने किसी अन्य साधन के माध्यम से विकासखंड मुख्यालय आना पड़ता है।

**बस सेवा संचालन करने परिवहन विभाग ने कलेक्टर से मांगी रिपोर्ट**

### चार लाख लोग बसों से यात्रा करते हैं

रोजाना चार लाख के करीब यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने बसों से यात्रा करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हैं। अंदरुनी ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन होने से सड़कों पर दोपहिया, तीन पहिया और मालवाहक वाहनों में यात्री करने वालों की संख्या कम होगी। साथ ही बेहतर परिवहन का साधन उपलब्ध होने पर यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।



### 12 हजार यात्री बसों का हो रहा संचालन

परिवहन विभाग में वर्तमान में 12 हजार बस पंजीकृत हैं। इनमें से 11 हजार बसों का संचालन राज्य के अलग-अलग जिलों में विभिन्न मार्गों पर हो रहा है। एक हजार के करीब बस अंतर्राज्यीय मार्गों के लिए संचालित हो रही। इनमें सामान्य से लेकर एसी तथा स्लीपर बस शामिल हैं।

### 65 प्रतिशत बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में

राज्य में संचालित 65 प्रतिशत के करीब बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है। शेष 35 प्रतिशत बसों का संचालन विकासखंड मुख्यालय तथा बड़े तथा आसानी से पहुंच मार्ग वाले ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां सबसे ज्यादा सवारियां निकलती है, उनमें से ज्यादातक क्षेत्रों में बसों का संचालन नहीं हो रहा।

### ग्रामीण क्षेत्र में बस संचालन करने पर मिलेगी छूट

जिन क्षेत्रों में वर्तमान में बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है। उन क्षेत्रों की सूची मिलने के बाद उन मार्गों पर बस संचालन करने पर बस ऑपरेटरों को परमिट तथा टैक्स में राहत दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। परमिट के लिए आवेदन करने पर राज्य परिवहन प्राधिकार सुनवाई के बाद रूट निर्धारित कर निजी ऑपरेटरों को संचालन का आदेश जारी करेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को विकासखंड के साथ ही तहसील और जिलों को जोड़ा जा सके, जिससे गांव में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे कनेक्टिविटी मिल सके।

# कन्या विद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तालुका विधिक सेवा समिति विधिक शिविर किया गया।

इस कार्यक्रम में व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ की न्यायाधीश प्रेरणा वर्मा, अधिवक्ता यज्ञ कुमार सिंह, अधिवक्ता विष्णु साहू एवं वॉलिंटियर सूर्यकुमार, सीमा साहू, रमेश चौहान के अतिरिक्त प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश ने बच्चों को स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुये कहा कि हम स्वस्थ रहेंगे तो पढ़ाई पर अधिक मन लगेगा। यदि स्वास्थ्य खराब है तो हमें कई प्रकार से शारीरिक आर्थिक मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। मानसिक विकृति से अपराध का जन्म होता है।

छेड़छाड़ से लेकर व्यपहरण तक, साइबर क्राइम के बारे में बाल विवाह के संबंध में मोटर व्हीकल एक्ट के संबंध में विस्तार से बच्चों कोजानकारी दी गई। शिविर में विद्यालय के छात्राएं उपस्थित थीं।

### थायरॉयड कैंसर के मरीजों के लिए एम्स में पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड

**रायपुर ।** थायरॉयड कैंसर के मरीजों को अब उपचार की सुविधा एम्स में मिल रही है। कैंसर की बची हुई कोशिकाओं को खत्म करने के लिए यहां हाई-डोज थेरेपी वार्ड बनाया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरेपी की मदद से आठ मरीजों को उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। प्रदेश में यह पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड है। इसके पूर्व उपचार के लिए लोगों को मुंबई तक का दौरा करना पड़ता था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पांच बिस्तरों वाला हाई-डोज थेरपी वार्ड, पीएमएसएसवाई योजना के तहत स्थापित किया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरपी जो इस हाई-डोज का उपयोग किया जाता है, जो सर्जरी के बाद बचे हुए कैंसर की कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है।

# एनईपी : खराब परीक्षा परिणामों के बीच दूसरे सेमेस्टर के लिए आवेदन 20 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मौजूदा शैक्षणिक सत्र में पहली बार सेमेस्टर पद्धति लागू की गई है। जनवरी-फरवरी में आयोजित की गई प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश परीक्षा के बाद जून में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होगी। इस तरह से यह पहला बैच होगा, जो द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दिलाएगा। इसके लिए आवेदन सोमवार अर्थात 7 अप्रैल से प्रारंभ हो गए। छात्र 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 6 दिनों का अतिरिक्त समय 21 से 26 अप्रैल तक दिया जाएगा। विवि द्वारा समय-सारिणी माहांत तक अथवा अगले माह जारी कर दिए जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन ही किए जाएंगे।

- रविवि ने जारी की अधिसूचना, विलंब शुल्क के साथ मिलेगा 6 दिनों का अतिरिक्त समय

### खराब परिणामों को लेकर रोष

रविवि द्वारा आयोजित किए गए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम मार्च माह से ही लगातार जारी किए जा रहे हैं। बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे मुख्य कक्षाओं के नतीजे रविवि जारी कर चुका है। इनमें से अधिकतर कक्षाओं के परिणाम पहले की तुलना में खराब आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, वार्षिक परीक्षा पद्धति की तुलना में सेमेस्टर परीक्षा पद्धति के नतीजे अधिक खराब रहे हैं। छात्रों में इसे लेकर रोष है। कई महाविद्यालयों ने भी इसे लेकर विवि प्रबंधन से संपर्क किया है। इन सबके बीच रविवि ने दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है।

# कुम्हारी टोल प्लाजा हटाएं, दो पूर्व विधायकों ने गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और कुलदीप जुनेजा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को हटाये जाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विषय पर चर्चा करने मुलाकात के लिए समय की मांग की।

विकास उपाध्याय ने कहा कि वे केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रही अवैध वसूली की शिकायत करेंगे। जब तक कुम्हारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता, तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की थी, लेकिन आज तक इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए केन्द्रीय मंत्री से चर्चा के लिए हमने समय मांगा है, ताकि वस्तुस्थिति से उनको अवगत कराया जा सके। रायपुर पश्चिम क्षेत्र के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे और आने वाले दिनों में कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर दिल्ली तक भी प्रदर्शन करेंगे।




- केंद्रीय मंत्री से प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात करने मांगा समय
- टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर करेंगे चरणबद्ध आंदोलन : विकास उपाध्याय

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तीन साल पूर्व सदन में कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे। सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा। उन्होंने यह घोषणा भी की थी कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, पर छत्तीसगढ़ में दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला कथन कितना सही है।

# मार्च के बिल में डेढ़ फीसदी महंगी बिजली का झटका

- अब हर माह तय होती है कीमत उसके हिसाब से टैरिफ के ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार महंगी बिजली का झटका लग रहा है। अब मार्च का जो बिल अप्रैल में आया है, उसमें डेढ़ फीसदी महंगी बिजली का झटका लगा है। 2023 के अप्रैल से हर माह बिजली की कीमत तय होती है, उसके हिसाब से टैरिफ के ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगता है।

मार्च में जो फरवरी का बिल आया था, उसमें ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 11.16 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 12.61 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। इसके बाद 2024 में भी कीमत कम ज्यादा होती रही।

- नए साल में अब तक तीन माह में कीमत में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ
- सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया

### इस साल ज्यादा इजाफा नहीं

नए साल में अब तक तीन माह में कीमत में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ है। फरवरी में जब जनवरी माह का बिल आया तो इसमें ऊर्जा प्रभार पर दस फीसदी शुल्क लगा। इसके बाद मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो ऊर्जा प्रभार पर लगने वाले शुल्क में 1.16 फीसदी ही इजाफा हुआ और शुल्क 10 से बढ़कर 11.16 प्रतिशत हो गया। और अब अप्रैल में मार्च का बिल आया है तो इसमें ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 12.61 प्रतिशत हो गया है। यानी 1.45 फीसदी का इजाफा हुआ है।

# आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि पर डेढ़ साल से ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान योजना के तहत किए गए उपचार के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगा ब्रेक पिछले डेढ़ साल से नहीं हट पाया है। योजना में इलाज के बदले डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को बड़ी राशि प्राप्त हो जाती थी।

इसकी बंदरबाट की लगातार शिकायतों के बाद राशि वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगाई गई थी, जिस पर अब तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में आने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान योजना के हितग्राही होते हैं। योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार लाभ देने के लिए डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को एक निश्चित हिस्सा इंटेसिव के रूप में दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल के कई विभाग में कार्यरत सर्जन सहित बड़े चिकित्सकों को इंन्टेंसिव के रूप में वेतन से ज्यादा राशि मिल जाती थी। वहीं अन्य अस्पतालों के स्टाफ को निश्चित राशि का भुगतान होता था। दूसरी ओर प्रोत्साहन राशि के वितरण में गड़बड़ी का दौर शुरू हो गया और निचले स्तर के कर्मचारियों तक यह राशि पहुंचना ही बंद हो गई। विभिन्न शिकायतों की वजह से योजना में पारदर्शिता लाने तक प्रोत्साहन राशि के वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगा दी गई। इस प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगे ब्रेक को करीब डेढ़ साल गुजर चुके हैं, इसकी वजह से चिकित्सकों के साथ अन्य स्टाफ को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

चिकित्सकीय स्टाफ के साथ उपचार की राशि का लगभग दस फीसदी हिस्सा अस्पताल में सुविधा के विस्तार के लिए दिया जाता है। इस मामले में स्टेट नोडल एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

- अस्पताल सहित चिकित्सकीय स्टाफ को वितरित की जाती है 34 फीसदी राशि

**बंदरबाट की शिकायतों के बाद लगी थी रोक, अब तक नहीं हो पाया फैसला**

### प्रोत्साहन राशि करोड़ों में

सूत्रों के अनुसार योजना के तहत प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों के स्टाफ को वितरित की जाने वाली प्रोत्साहन राशि हर साल करोड़ों में जाती है। करीब तीन साल पहले प्रदेश में करीब 59 लाख उपचार के मामलों में 87 करोड़ रुपए का वितरण प्रोत्साहन राशि के रूप में किया गया था। इसके बाद संदेह का जन्म हुआ और मामले में कसावट का दौर शुरू हुआ।




### निजी अस्पतालों का भुगतान बाकी

सूत्रों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों को उपचार की पूरी राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। प्राप्त होने वाली राशि के आधार पर उन्हें कुछ हिस्सा सरकारी अस्पतालों के साथ प्रदान किया गया है। राजधानी समेत प्रदेश में अभी भी कई अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना में मरीजों का उपचार नहीं किया जाता है।

# सरोना मुख्य मार्ग पर व्यावसायिक अनुमति विपरीत निर्माण को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डूमरतालाब से सरोना जाने वाले मुख्य मार्ग के पास 2400 वर्गफीट भूखंड में व्यावसायिक अनुमति के विपरीत निर्माण करना भूखंड स्वामी को महंगा पड़ा। नगर निगम जोन 8 की टीम ने नियम विपरीत अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की, साथ ही भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने निर्देशित किया।

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को संत रविदास वार्ड के तहत डूमरतालाब से सरोना मुख्य मार्ग के पास पूर्णिमा चावड़ा द्वारा करीब 2400 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यावसायिक अनुमति के विपरीत किए गए निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। निगम कमिश्नर विश्वदीप के आदेश और जोन कमिश्नर एके हालदार के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान की उपस्थिति में कार्रवाई की गयी। इसी तरह मोहबाबाजार से एम्स होते हुए टाटीबंध मुख्य मार्ग में करीब 15 ठेले और गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई।



## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से पिता-पुत्री घायल

**महासमुंद।** काम के सिलसिले में महासमुंद आए पिता-पुत्री बाइक की टक्कर से घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 5 अप्रैल को गिरधर साहू और उसकी बेटी मोनिका साहू अपने मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 एपी 9158 में काम के सिलसिले में शाम करीब 4 बजे महासमुंद गए थे। सामान खरीद कर शाम लगभग 5.30 बजे घर वापस जा रहे थे कि भलेसर रोड सितली नाला के आगे पहुंचने पर भलेसर से महासमुंद की ओर आ रही बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडी 0592 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों को चोट लगी है। आरोपीचालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## पेज 9 के शेष

### जिले में सुशासन...

पटेल का गुलाब फूल देकर स्वागत किया गया। विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत देवरी में मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रथम आवेदक का स्वागत किया गया। इसी तरह सभी नगरीय निकायों के वार्डो और ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार का आगाज हुआ।

### मोडिफाइ साइलेंसर...

साइलेंसर भी निकालकर जब्त किया गया है। वर्ष 2025 में अब तक मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वाले 7 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 35 हजार समन शुल्क वसूल किया गया है।

### रामनवमी पर नगर...

का सहयोग रहा। शोभा यात्रा के पश्चात भंडारे की व्यवस्था रंग मंदिर ब्राह्मण पारा में की गयी, जहां हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भटगांव थाना प्रभारी भगवती कुर्रे, दलबल के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

### सफाई के नाम पर अलग-अलग मदों से करोड़ों खर्च, लेकिन नहीं सुधरी स्थिति

# रामसागर तालाब में फैली जलकुंभी पानी का बदला रंग, आ रही बदबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर स्थित तालाबों की साफ सफाई एवं सौन्दर्यीकरण करने के नाम पर गत कुछ वर्षों के दौरान अलग-अलग मदों से करोड़ों रूपये खर्च किया जा चुका है। इसके बावजूद तालाबों में व्याप्त गंदगी के कारण पानी निस्तारी के लायक नहीं है। मजबूरी में नगरवासी अपनी जरूरत पूर्ण करने तालाब का सहारा ले रहे हैं। शहर का सबसे पुराना और बड़ा रामसागर तालाब आज अपना अस्तित्व खोने की कगार पर पहुंच गया है। तालाब व उसके पैठू में जलकुंभी फैल गई है, जिससे पानी हरा व बदबूदार होने से यहां निस्तारी करने पर चर्म रोग सहित अन्य बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। किंतु मजबूरीवश बड़ी संख्या में आसपास के लोग निस्तारी कर गुजर बसर कर रहे हैं। अब नगरीय निकाय चुनाव के पश्चात नपाध्यक्ष अशोक जैन से नगरवासियों की अपेक्षा है कि जनहित में इस दिशा में सार्थक प्रयास अवश्य करेंगे।



**साफ रखने व संवारने पर 3 करोड़ से अधिक खर्च**

हालात यह है कि नगरपालिका द्वारा रामसागर तालाब को साफ रखने व सौन्दर्यीकरण करने के नाम पर गत कुछ वर्षों के दौरान तीन करोड़ से अधिक राशि खर्च की जा चुकी है, किंतु तालाब में पहुंचने वाले गंदे पानी को रोकने तथा पैठू व आसपास के अतिक्रमण को हटाने की दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जाने के कारण तालाब की हालात सुधरने की बजाय दिनों दिन बदतर होती जा रही है।

**ग्राउण्ड वाटर लेवल रिचार्ज का अहम स्रोत**

गौरतलब है कि रामसागर तालाब से लगे वार्डों में ग्राउण्ड वाटर लेवल रिचार्ज करने का यह एक प्रमुख स्रोत है, लेकिन इस तालाब को भरने वाली बीबीसी केनाल से निकलने वाली नहर अतिक्रमण की चपेट में आकर एक सकरी गंदी नाली बनकर रह गई है। वहीं तालाब को साफ सुथरा रखने बनाया गया पैठू अतिक्रमणकारियों के कब्जे में होने के अलावा आसपास के घरों के लिए गंदे पानी निकासी का साधन बनकर रह गया है। इस कारण नाली का गंदा पानी सीधा तालाब में पहुंचकर जल का प्रदूषित कर रहा है।

**सफाई की मांग की गई**

नगर के वार्ड 12 में स्थित रामसागर तालाब में व्याप्त गंदगी है। तालाब की सफाई के लिए स्टीमेट तैयार करने की मांग मेरे द्वारा की गई है।

**-गौतम चौहान,** पार्षद, बलौदाबाजार

**प्रशासन का ध्यान नहीं**

बुजुर्गों के अनुसार रामसागर तालाब का पैठू तालाब के लिए प्राकृतिक फिल्टर का काम करता था। बारिश के दौरान जब पानी कैचमेंट एरिया से तालाब तक पहुंचता है, तो बहने वाली गंदगी और कचरा पैठू में ही रूक जाते है। साफ पानी तालाब तक पहुंचता था, किंतु गत कुछ वर्षों के दौरान वोट की राजनीति और रसुख के चलते पैठू में बेतहाशा अवैध कब्जा हो चुका है। इसी तरह जल संसाधन विभाग के नहर पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो चुका है। संबंधित विभाग जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों को हटाने की ठोस पहल नहीं किये जाने से अब रामसागर तालाब का अस्तित्व खतरे में आ गया है।

# बाबूलाल को मिला उत्कृष्ट प्रधानपाठक का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण योजना अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक शाला 2024 का सम्मान पलारी ब्लाक के प्राथमिक शाला घोटिया के प्रधान पाठक बाबू लाल साहू को दिया गया। समय और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित बाबूलाल साहू को उत्कृष्ट प्रधान पाठक के सम्मान से सम्मानित किए जाने पर विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पलारी एन के वर्मा, सहा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सतीश महेश्वरी, बीआरसीसी जेएल जोशी, वरिष्ठ प्रचार्या यू के नागवंशी, संकुल प्राचार्य कुसमी केपी साहू, संकुल समन्वयक टी.आर.डहरिया, प्रधान पाठक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अरविंद चन्द्रवंशी शिक्षक संघ के अध्यक्ष अभिषेक महोबे, खेलन चन्दाकर, रवि चन्द्राकार, सोमनथ साहू, पलारी नगर अध्यक्ष गोपी साहू, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, रोहित साहू, सुश्री सुमित्र घृतलहरे, सुनील कुर्रे, हेमंत कुमार वर्मा, मोहन बंजारे कर्मचारी फेडरेशन के ब्लाक संयोजक देवेन्द्र डंडी साहू, डॉ. सुरेश साहू, बृजमोहन साहू, हेमंत वर्मा किशुन सेन, तुका साहू, चेतन साहू, रोशन साहू, खिलेन्द्र साहू व केशव साहू, घोटिया स्कूल से अरुंधती वर्मा, ज्योति सार्वा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं पंचायत के सरपंच पंच, शिक्षक गणों ने हर्ष जताया।

**शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित**

बलौदा बाजार आडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा जिला प्रशासन के आला अधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, सहा संचालक बी आर पटेल व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाबूलाल साहू ग्राम हरिनभट्ठा के निवासी हैं, जो पूर्व में शा उच्च माध्यमिक विद्यालय जर्वे, उच्च माध्यमिक विद्यालय वटगन, प्राथमिक शाला दतान ख में पदस्थ रह कर उत्कृष्ट सेवा दे चुके हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है।

# कॉलेज में कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ



**भटगांव।** स्थानीय शासकीय आर.एन.एम. महाविद्यालय में कम्प्यूटर लैब का शुभारंभ प्राचार्य एसके शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के ग्रंथपाल डॉ. गिरीश वैष्णव ने कहा कि नैक मूल्यांकन टीम ने महाविद्यालय मूल्यांकन के समय कम्प्यूटर लैब की कमी को शीघ्र दूर करने का सुझाव दिया था, जिसे आज पूर्ण कर लिया गया है। अब विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कम्प्यूटर शिक्षा का बेसिक ज्ञान की प्रेक्टिकल सबंधी जरूरत पूरी हो सकेगी। इस अवसर पर आर के जायसवाल, डॉ. केके पटेल, डॉ. एचके. चन्द्रा, अतिथि व्यख्याता आरके साहू, सोनसाय भारद्वाज, केके तिवारी, सोनाली पाटिल, सहित केएस दाउ, जीके कैवर्त्य, राजेश कुर्रे, रामनरेश कुरुवंशी एवं बहुत संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



संकलनकर्ता : मिथलेश वर्मा, संवाददाता सुहेला, मो. 9425257408

# मंत्री टंकराम वर्मा ने गिनाई भाजपा सरकार की 10 सालों की उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम नवापारा में नवापारा, भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश के खेल राजस्व युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सफलता की चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने सिर्फ 10 सालों में अपनी स्थिति को 11वें स्थान से बढ़ाकर 5वें स्थान पर पहुंचा दिया है और यह जल्द ही तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वह दिन दूर नहीं जब भारत फिर से 'सोने की चिड़ीया' कहलाएगा।कार्यक्रम में टंकराम वर्मा ने भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया, जैसे कि शिक्षा, पानी, राशन कार्ड, पीएम आवास, महतारी वंदन, नल जल, उज्ज्वला गैस और शौचालय निर्माण, जो अब तक अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाई जा चुकी हैं। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। वर्मा ने राम मंदिर निर्माण, धारा 370, वक्फ बोर्ड संशोधन और अन्य प्रमुख फैसलों पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की शक्तिशाली नेतृत्व में भाजपा अब विश्व की सबसे बड़ी और विश्वसनीय पार्टी बन चुकी है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में भगवा लहरा रहा है, केवल कुछ राज्यों को छोड़कर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लागू की गई 3100 प्रति क्विंटल धान, बकाया बोनस जैसी मोदी की गारंटी योजनाओं की भी सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों, जैसे कि सुहेला में स्टेडियम और बलौदाबाजार रेलवे लाइन के निर्माण की चर्चा की।

### 18 लाख के प्रार्थना शेड की घोषणा

नवापारा में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने 18 लाख के प्रार्थना शेड, महामाया हटा निर्माण हेतु 5 लाख और रंगमंच के लिए 5 लाख की घोषणा की। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अदिति बघमार, जिला मंत्री सुनीता वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव कटरिया, किसान मोर्चा अध्यक्ष द्वारिका वर्मा सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार आदि ने भी संबोधित किया। संचालन सिमगा ब्लॉक के सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे तथा आभार प्रदर्शन सिमगा जनपद तथा नवापारा हथबंद के मंडल अध्यक्ष डा. दौलत पाल ने किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने फूलमाला और श्रीफल भेंट कर शिव कटरिया, केजू राम बघेल, फूदरू पाल, डॉ कलीराम वर्मा, डा तिलक वर्मा, समुंद राम वर्मा, विशंभर निर्मलकर, घनश्याम और सुखनंदन नायक आदि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम में हुए शामिल



### ये हुए शामिल

सम्मेलन में करण वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन धिकड़े, कीर्ति वर्मा, मानेश्वरी साहू, नवापारा सरपंच डोमार सिंह मारकंडेय, युगल किशोर वर्मा, देवा घृतलहरे, झालाराम वर्मा, अश्वनी पाल, खोमलाल साहू, हरीश वैष्णव, तिलकराम वर्मा, हरिशंकर वर्मा, बलकरण , लोकनाथ वर्मा, ढीना पाल सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के पंच सरपंच जनपद सदस्य एवं सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### युवराज का नवोदय में चयन



**लवन।** नगर में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत युवराज पिता भागवत जायसवाल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में हुआ। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. नरसिंग वर्मा, पारस ताम्रकार, गिरधारी लाल वर्मा, रोशन मानिकपुरी सहित विद्यालय के प्राचार्य कमलेश वर्मा सहित समस्त आचार्य ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### समाजसेवी ने स्कूल में रनिंग वाटर के लिए प्रदान की सामग्री

**खरोरा।** नगर के युवा, प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं बालाजी पाइप के संचालक भगवती प्रसाद देवांगन द्वारा अपनी माता स्व. केजिया बाई देवांगन एवं पिता महेश देवांगन की स्मृति में प्राथमिक शाला सुंदरा में बच्चों के पेयजल हेतु रनिंग वाटर के लिए सामग्री प्रदान की गई । साथ ही विद्यालय को सुंदर एवं आकर्षक बनाने दीवारों में चित्रकारी का कार्य कराया गया। उनके इस योगदान के लिए शाला के प्रधान पाठक गजेंद्र कुमार देवांगन, शिक्षक राकेश कुमार शर्मा, गिरिजेश कुमार साहू एवं संकुल समन्वय रामाधार साहू के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। भगवती देवांगन के इस पुनीत कार्य के लिए ग्राम के सरपंच बालक दास मनिकपुरी एवं उपाध्यक्ष भाजपा मंडल खरोरा छगन यादव एवं ग्राम वासियों द्वारा सरहना की गई।

### भाजपा की अतीत से वर्तमान तक की प्रदर्शनी

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप जूदेव, किशोर महानंद, भाजपा नेता अमित मैशरी सहित पदाधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे।

### राहत पेंशन आदेश जारी नहीं होने से पेंशनरों में आक्रोश

**रायपुर।** अखिल भारतीय पेंशनर्स फेडरेशन छग प्रांत के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 6 लाख पेंशनरों को राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) का बहाना लेकर पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 6वें वेतनमान एवं 7वें वेतनमान के अनुरूप 32 माह एवं 27 माह का एरियर्स भुगतान नहीं किया गया है। जबकि धारा 49 (6) में पेंशनरी भुगतान के लिए सहमति लिए जाने का कोई प्रावधान ही नहीं है।

### महेश अध्यक्ष और शंकर बने सिंधु यूथ एसो. के उपाध्यक्ष

**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित सिंधु भवन में सोमवार को सिंधु यूथ एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव आगामी 2 वर्ष 2025-27 तक के लिए किया गया, जिसमें अध्यक्ष महेश हरजानी, उपाध्यक्ष शंकरलाल दानवानी को बनाया गया। साथ ही महासचिव मयूर थौरानी, सहसचिव कैलाश आहूजा और कोषाध्यक्ष मूलचंद खत्री को चुना गया। यह जानकारी संस्था के कार्यकारिणी सदस्य गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि इसके अलावा कार्यकारी सदस्य के रूप में गौरव मंधानी, नितेश छुगानी, रोशन ओचवानी, राजकुमार शदीजा, सागर खूबचंदानी चुने गए।

## सुशासन दिवस : आवेदन लिखने में सुशासन मित्र करेंगे सहयोग

# सुशासन तिहार के निर्देशों का शतप्रतिशत पालन हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर सुशासन तिहार के निर्देशों का शत प्रतिश अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने आवेदन प्राप्ति स्थल में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आवेदन प्राप्त करने के दौरान आवेदन प्राप्ति स्थल में ऐसे आवेदक जो आवेदन नहीं लिख पाते उनके सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी सहित वालांटियर्स को सुशासन मित्र बनाएं और आवेदन लिखने में इनका सहयोग लें। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओ कों सुशासन मित्र बनाएं। स्कूल, कॉलेज, आईटीआई एवं पोलिटेक्निक कोलेजों में सुशासन तिहार के सम्बन्ध में निबंध प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम का आयोजन कराएं।




### पहले दिन सकरी में 19 और खम्हरिया में 15 आवेदन मिले

विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत सकरी एवं खम्हरिया में सुशासन तिहार अंतर्गत आवेदन प्राप्ति स्थल का कलेक्टर दीपक सोनी ने निरीक्षण किया। उन्होंने आवेदन प्राप्ति स्थल में सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली एवं आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में शीघ्र प्रविष्टि करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने उपस्थित ग्रामीणों से समस्या की जानकारी ली।ग्राम पंचायत सकरी के ग्रामीणों ने निस्तारी तालाब में पानी की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि एक निजी तालाब में निस्तारी हेतु पानी भरने नहीं दिया जा रहा। इस पर कलेक्टर ने सामूहिक रूप से आवेदन देने कहा। वहीं ग्राम पंचायत खम्हरिया के प्राथमिक शाला के एक कक्ष में सीलिंग में दरार की समस्या को 15 वें वित्त की राशि से मरम्मत कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा लोगों की समस्या का गुणवत्तापूर्ण समाधान समय–सीमा में करने के लिए सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इस तिहार में सभी अपनी सहभागिता निभाएं। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सकरी में 19 एवं ग्राम पंचायत खम्हरिया में 15 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस दौरान एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार, प्रियंका तिवारी, अक्षय तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### 12 और 31 अप्रैल को संध्या चौपाल

12 से 31 अप्रैल तक ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में संध्या चौपाल का आयोजन करना है, जिसमें शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से जन सामान्य को देना है। उन्होंने कहा कि संध्या चौपाल का आयोजन करीब 50 दिन तक चलेगा। कलेक्टर ने आवेदन प्राप्त करने के अवधि के दौरान सभी ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारियों को दौरा करने तथा वहां पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, मानदेय, मनरेगा श्रमिकों का परिश्रमिक भुगतान की समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाटापारा में स्टेडियम का होगा जीर्णोद्धार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के माता देवालय सर्कस ग्राउंड में स्टेडियम निर्माण का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा था। इस पर संज्ञान लेते हुए सोमवार को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्टेडियम स्थल का अवलोकन व निरीक्षण किया। साथ ही उक्त अधूरे निर्माण को पूर्ण करने व जीर्णोद्धार के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

■ पूर्व विधायक और नपा अध्यक्ष ने स्थल का किया निरीक्षण

भाटापारा क्षेत्र के खेल प्रेमी युवाओं को एक बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराने की सोच के साथ नगर पालिका परिषद भाटापारा में नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा विशेष प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार 7 अप्रैल को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के नेतृत्व में नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने माता देवालय वार्ड में अधूरे स्टेडियम निर्माण को पूरा करने को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर मौजूद नगर पालिका के कार्यपालन अभियंता अवधिया एवं उपअभियंता कमलेश साहू को स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा, प्रकाश ठाकुर, शुभम सिंह राजपूत, राकु मंधान, सुरेश किंगरानी, कैलाश बलानी, बलदेव मंधान, मुर्लिधर राव, श्रीधर राव एवं समस्त खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# पहले दिन वार्डों में मिले 397 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जनसामान्य की समस्याओं एंव मांग के त्वरित निराकरण किये जाने वार्डों में सुशासन तिहार–2025 के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया जा रहा है। इसका लाभ उठाने वार्ड के निवासी अपनी–अपनी समस्याओं को लेकर सुशासन तिहार आयोजन स्थल पर आवेदन जमा कर रहे है। शासन द्वारा मिलने वाली लाभ एवं लोगों के मांग पूर्ण हो, इसी अपेक्षाओं के अनुरूप हितग्राहियों ने व वार्डवासियों ने आवेदन जमा करने में रुचि दिखाते हुए उपलब्ध कार्य में अपनी मांग एवं समस्या लिखकर स्थल में उपलब्ध सुशासन तिहार–2025 के लिये लगाये गये बाक्स पेटी में अपनी बात लिखकर आवेदन किया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने सुशासन तिहार के लिये सभी पार्षदों से एवं नगरवासियों से अपील की है कि शासन के इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने अपनी मांग एवं समस्या संबंधी आवेदन अवश्य करें, व जो भी समस्या है उसे बे–झिझक होकर लिखे व स्थल पर उपलब्ध बाक्स, पेटी में डाले। आपकी मांग पर अवश्य कार्यवाही होगी। अधिकारी खिरोद्र भोई ने जानकारी देते हुए बताया की वार्डों में सुशासन तिहार में 326 मांग के व 71 समस्यओं के कुल 397 आवेदन पत्र प्राप्त हुये। नपा के वार्ड 1 में 35, वार्ड 2 में 34, वार्ड 3 में 28, वार्ड 4 में 1, वार्ड 5 में 1, वार्ड 6 में 11, वार्ड 7 में 32, वार्ड 8 में 14, वार्ड 9 में 13, वार्ड 10 में 6, वार्ड 11 में 44, वार्ड 12 में 2, वार्ड क्र. 13 में 45, वार्ड 14 में 44, वार्ड 15 में 14, वार्ड 16 में 12, वार्ड 17 में 19, वार्ड 18 में 7, वार्ड क्र. 19 में 19, वार्ड 20 में 6 एवं वार्ड क्र. 21 में 10 आवेदन प्राप्त हुये हैं, जिसकी छटनी कर मांग अनुरूप निराकरण किये जाने संबंधित विभाग एवं प्रभारियों को भेजा जा रहा है।

# सुशासन तिहार के प्रथम चरण का नगर उपाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**पलारी।** राज्य शासन द्वारा 8 अप्रैल सुशासन तिहार की शुरुआत की गई। इसमें नगर पंचायत पलारी में अलग अलग वार्डों के समस्याओं के आवेदन लेने के लिए नगर के 3 स्थानों में शिविर का लगाया गया है। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने पूजा अर्चना कर किया। उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि इसका मकसद जनता की समस्याओं का समय पर हल करना है। साथ ही सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन और विकास कार्यों में तेजी लाना है। यह आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम लोगों से आवेदन लिए जाएंगे। लोग अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव समाधान पेटियों में डाल सकेंगे। वार्ड में कर्मचारी समाधान पेटी के जरिए आवेदन लेंगे। दूसरे चरण में एक महीने के भीतर इन आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे चरण में 5 मई से 31 मई तक समाधान शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में लोगों को उनके आवेदन के समाधान की जानकारी दी जाएगी। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल पर भी आवेदन की सुविधा रहेगी। उक्त अवसर पर सीएमओ मनोज बंजारा पटवारी दीनानाथ दीनबंधु बघेल सभापति लेखु वर्मा, सभापति नेमसिंह बांधे, पार्षद नारायण धीवर, पार्षद लुकेश्वरी निषाद, पार्षद रवि ध्रुव, पार्षद खेलन वर्मा, पार्षद राधा वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम धीरहे, पुनीत निषाद, साधराम साहू, शेरखान, हर्षू वर्मा, सौरभ वर्मा सहित नगर पंचायत के कर्मचारी अधिकारी सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बरौंडा पंचायत में सुशासन दिवस पर लिया गया आवेदन



**बंगोली।** आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा तथा विकास कार्यों मे गति लाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार का आगाज हुआ। तीन चरणों मे आयोजित सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। वहीं दूसरे चरण में 5 से 31 मई तक लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। सुशासन तिहार 2025 को सुव्यवस्थित, सुचारु संचालन तथा पर्यवेक्षण एनं निगरानी हेतू प्रत्येक ग्राम पंचायत मे नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी द्वारा आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे आवास निर्माण, मनरेगा ,राशन कार्ड सहित अन्य विभागों पर आवेदन लिया जा रहा है। ग्राम पंचायत बरौंडा में नोडल अधिकारी एलएन केंवट अनुविभागीय अधिकारी, हेमंत साहू उपअभियंता, सहायक नोडल अधिकारी, जगदेव कंडरा रोजगार सहायक, ज्ञानेश्वरी दिवान एवं जानकी घिलहरे ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सुशासन तिहार पर आवेदन प्राप्त किया जा रहा है।

### वार्ड में लगा कैम्प, मिले 59 आवेदन




**कसडोल।** नगर पंचायत के 15 वार्डों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा आपके शहर आपके ग्राम में कैम्प लगाकर वार्डवासियों की समस्याओं को लिखित में लिया गया। इस दौरान वार्डवासियों को पावती भी दी गई। वार्डवासियों ने चौपाल में मुख्य रूप से आबादी पट्टा, जनगणना, बीपीएल राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना, पेंशन, अवैध कब्जा हटाने, भागीरथी नल योजना, मांगलिक भवन, नाली में ढक्कन निर्माण, रंगमंच सहित अन्य मुद्दे शामिल हैं। इस दौरान वार्ड 7 में पार्षद भानु प्रताप साहू उक्त चौपाल पर मौजूद होकर वार्डवासियों की समस्या को सुना और समाधान के लिए आवेदन को भरकर चौपाल में मौजूद नपा कर्मी को सौंपा।

## देर रात तक दर्शक रामभक्ति और शिवभक्ति पर झूमे

# अघोरी बाबा ग्रुप ने नगर में किया शिव तांडव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



साउथ ग्रुप के संयोजन व सिद्धेश्वर युवा मंच के युवाओं के विशेष सहयोग से पलारी में रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का सबसे मुख्य आकर्षण केंद्र बघेरा (दुर्ग) की अघोरी ग्रुप रहा। इनकी पूरी टीम ने भगवान भोलेनाथ के महाकाल के परिधान में सुसज्जित होकर नगर में शिव तांडव करते हुए भ्रमण किया। अघोरी बाबा नंदी बैल में माता पार्वती के साथ सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकले, उनके साथ उनका पूरा ग्रुप अगवानी करते हुए शिवभजन गीतों पर नृत्य करते हुए आगे बढ़े। अघोरी ग्रुप ने नगर की मुख्य चौराहे पर अलग अलग प्रस्तुतियां बिखेरी, कही उन्होंने मुंह से आग की गुब्बारे छोड़ने की करतब दिखाया, तो कही शिव पार्वती विवाह का अलौकिक नजारा पेश किया, तो कही भूतों की बारात का झांकियां प्रस्तुत की। यह पूरा कार्यक्रम धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत रहा। जिसे देखने पलारी सहित आस पास के लोग भारी संख्या में शामिल हुए।

भी शिव तांडव नृत्य का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। साथ ही साथ इस पूरे यात्रा में श्रीराम लक्ष्मण माता जानकी सहित पवन पुत्र हनुमान के बालस्वरूप की प्रतीकात्मक झांकी भी राम दरबार में विराजित की गई थी, जो पूरे रैली के पीछा करते हुए आगे बढ़ी। शोभा यात्रा की पूर्व संध्या में कसडोल विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू पूर्व पार्षद मनीष चंद्राकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, पार्षद लेखु वर्मा, नेमसिंह बांधे, नारायण धीवर, रवि ध्रुव ने श्रीराम दरबार में श्रीराम लला और अघोरी बाबा ग्रुप का पूजन कर शोभायात्रा को रवाना किया। कार्यक्रम में साउथ ग्रुप के अध्यक्ष दिलीप यादव, सिद्धेश्वर युवा मंच के अध्यक्ष सौरभ वर्मा, हर्षू वर्मा, साधराम साहू, शेरखान, ऋषि साहू, पुनीत राजक, शिवम मिश्रा, हयात खान, हर्षवर्धन वर्मा, विश्वनाथ वर्मा, यशवंत ध्रुव, लल्ला वर्मा, नरसिंह वर्मा, बलदाऊ वर्मा, करण वर्मा, किशोर वर्मा, पोषण वर्मा, सागर वर्मा, हितेश चंद्राकर, यशवंत जायसवाल, धनेश्वर जायसवाल, कुणाल, अंकित, राघव सहित माताएं बहनें भारी संख्या में शामिल थे।

